# आलिया भट्ट के लिए फोटोग्राफर बने रणबीर कपूर





आलिया भट्ट इन दिनों अपने कथित बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ अपनी आने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म के जरिए दोनों को काफी अच्छा समय साथ में बिताने को मिला है। आए दिन दोनों से जुड़ी कई तस्वीरें या फिर उनसे जुड़ी खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। इस फिल्म की शूटिंग के साथ ही यह आए दिन शूटिंग के बाद उनकी मस्ती करते हुए तस्वीरें भी समाने आ रही हैं।

हाल ही में आलिया भट्ट ने अपनी दोस्त के एक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है। जिसमें आलिया और उनकी दोस्त खिड़की के बाहर मौसम का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। बाहर का वातावरण बहुत ही सुंदर और आकर्षित है, जिसे आलिया और उनकी दोस्त देखने में मग्न हैं। साथ ही फोटो को पोस्ट करते समय कैप्शन में रणबीर कपूर को फोटो क्लिक करने के लिए क्रेडिट भी दिया है। रणबीर इन दिनों अपनी कथित गर्लफ्रेंड आलिया के लिए फोटोग्राफर बन कर घूम रहे हैं। लगता है ये आलिया और रणबीर का स्पेशल ही कनेक्शन है, जिसके चलते आलिया की तस्वीरें इतनी अच्छी आ रही हैं। लगता है आलिया और रणबीर साथ में समय बीताने का कोई भी मौका अपने हाथ से नहीं जाने देते हैं।

## इंस्टाग्राम पर यूं किया ऐलान

बता दें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और मेगास्टार अमिताभ बच्चन निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में साथ काम कर रहे हैं और इसी के चलते वह कभी बुल्गारिया तो कभी न्यूयार्क की सड़कों पर चहलकदमी करते दिख जाते हैं। फिल्म ब्रह्मास्त्र की टीम की अब तक कई फोटो सामने आ चुकी हैं। इन फोटो को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये पूरी टीम एक साथ काम करके कितनी खुश है। साथ ही फिल्म ब्रह्मास्त्र में साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन विलेन का रोल कर रहे हैं। जिसके चलते साउथ में भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। यह फिल्म अगले साल 15 अगस्त 2019 में रीलिज हो रही है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# ऐसे कहें दो मुंहे बालों को बाय-बाय



बालों की समस्याएं आजकल आम बात हो गई है। किसी को बाल झड़ने की समस्या है, तो किसी को सफेद बाल होने की। इन दिनों दो मुंहे बाल भी एक कॉमन प्रॉब्लम है। ज्यादातर महिलाओं और लड़कियों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती कि दो मुंहे बाल होने की वजह क्या है और हम कैसे इस समस्या से निजात पा सकते हैं। हम आपको बता रहे हैं, दो मुंहे बाल होने के कारण और समस्या से छुटकारा पाने का तरीके...

केमिकल का ज्यादा इस्तेमाल

कुछ लोगों को बार-बार शैम्पू करने की आदत होती है। इस वजह से भी दो मुंहे बालों की समस्या पैदा हो जाती है। बालों पर बार-बार केमिकल का इस्तेमाल करने से भी दो मुंहे बाल होने की संभावना रहती है।

बालों में तेल न लगाना

अगर गर्म पानी से बार-बार बाल धोती हैं, तब भी ये समस्या खड़ी हो सकती है। इसके अलावा बालों में कम तेल लगाना भी इसका एक कारण हो सकता है।

बिना कैप लगाए स्विमिंग करना

अगर आप खारे पानी से बाल धोती हैं या स्विमिंग करती हैं तब भी आपके बालों पर उसका असर देखने को मिलता है और बाल दो मुंहे हो सकते हैं।

पपीता दिलाएगा समस्या से छुटकारा

दो मुंहे बालों से मुक्ति पाने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं। इसके लिए पपीते के गूदे में एक कप दही को अच्छे से मिला लें। इसके बाद तैयार पेस्ट को समान रूप से बालों पर लगाएं। अब एक घंटे बाद किसी भी नैचरल शैम्पू से बाल धो लें। इससे आपको फायदा मिलेगा।

दही और शहद है फायदेमंद

दही और शहद भी दो मुंहे बालों की समस्या से निजात दिला सकते हैं। ऐसे में आप एक कप दही में दो चम्मच शहद को अच्छी तरह से मिलाकर बालों पर लगाएं। शहद को बालों में चमक और दो मुंहे बालों से छुटकारा पाने के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

बालों पर करें तेल की मालिश

अरंडी और सरसों के तेल की समान मात्रा लें। इसके बाद अपने बालों पर अच्छे से मालिश करें। इससे आपको काफी फायदा मिलेगा। घर में यूज होने वाला बादाम और नारियल का तेल भी आपको इस समस्या से राहत दिला सकता है। ऑलिव ऑइल को हल्का गुनगुना कर बालों पर लगाने से यह आपके बालों पर कंडिशनर का काम करता है और दो मुंहे बाल भी कम हो जाते हैं।



शॉपिंग पर जाएं तो इन ट्रिक्स से करें

# ब्रांडेड कपड़ों की पहचान



आजकल कपड़े का हर व्यापारी अपने कपड़े को ब्रांडेड बताकर सस्ते में बेचने का दावा करता है और आप जानकारी के अभाव में ब्रांडेड कपड़ों की पहचान नहीं कर पाते हैं। आइए आपको बताते हैं ब्रांडेड कपड़ों की पहचान करने के टिप्स। आजकल कपड़े का हर व्यापारी अपने कपड़े को ब्रांडेड बताकर सस्ते में बेचने का दावा करता है और आप जानकारी के अभाव में ब्रांडेड कपड़ों की पहचान नहीं कर पाते हैं। लेकिन ब्रांडेड कपड़ों की कई ऐसी खासियत होती है जिन्हें हर कोई कॉपी नहीं कर पाता, जिससे आप ब्रांडेड कपड़ों की आसानी से पहचान कर सकते हैं। आज हम आपको ब्रांडेड कपड़ों की पहचान करने के कई टिप्स बता रहे हैं।

वैसे तो ब्रांडेड कपड़ों की पहचान उनके टैग्स से की जाती है, लेकिन आजकल लोग वैसे के वैसे टैग लगाकर कपड़े बेचते हैं। लेकिन आप इनके टैग लगाने की जगह और उनके टैग देखकर इसकी पहचान कर सकते हैं। कई ब्रांड्स कपड़ों की लिनिंग में टैग लगाते है जो कि उनकी सही पहचान होती है।

कोई भी ब्रांडेड कपड़े लेने से पहले सबसे पहले ये देखें कि आप ये कपड़े किस जगह से ले रहे हैं। दरअसल कई बड़ी कंपनियां ऐसी हैं जिनके कपड़े हर दुकान पर नहीं मिलते, जबकि उनके आधिकारिक स्टोर्स पर ही मिलते हैं।

जब कभी भी आप कपड़े लें तो उसे पहनकर जरूर देखें, क्योंकि ब्रांडेड कपड़ों की फिटिंग अन्य कपड़ों के मुकाबले ज्यादा अच्छी होती है। जैसे ही आप ब्रांडेड कपड़े पहनते हैं तो आपको उसकी फिटिंग से ही पता चल जाता है। वैसे सभी ब्रांडेड कपड़ों की बनावट आपके शरीर के अनुसार ही बनाई जाती है जो कि आपके शरीर पर फिट बैठती है। किसी भी ब्रांडेड कपड़े की पहचान उसके कपड़े की क्वालिटी से आसानी से पता लगा सकते हैं। किसी भी अच्छे ब्रांड का कपड़ा दूसरे कपड़ों की तुलना में फ्रैश और सॉफ्ट होता है। अगर कोई कपड़ा ब्रांडेड नहीं होगा तो उसका कपड़ा थोड़ा कड़क और रफ सा होगा। कई बार लोग भारी डिस्काउंट का हवाला देते हुए ब्रांडेड कपड़ो की जगह अन्य कपड़े सस्ते में बेचते हैं। लेकिन लुई विताें, गूची जैसे ब्रांड कभी भी 2० से 3० फीसदी से ज्यादा की छूट नहीं देते हैं, इसलिए अगर कोई इंटरनेशनल ब्रांड पर भारी छूट देकर कपड़े बेच रहा है तो उसमें कोई ना कोई संदेह है। जब कभी आप ब्रांडेड कपड़े लेते हैं तो उसकी लिनिंग बहुत अच्छी होती है यानी कपड़े के अंदर लगाया गया कपड़ा अच्छी क्वालिटी का होता है। जैसे कोट में लगाया गया अंदर का कपड़ा, जींस की जेब का कपड़ा आदि। ब्रांडेड कपड़ों में ये अच्छी क्वालिटी का होता है और उसमें ही टैग लगा होता है साथ ही इसकी सिलाई बहुत ही फाइन और मजबूत होती है।



ब्रांडेड कपड़ों की पहचान करने का तरीका है कि आप उसके एसेसरीज को ध्यान से देखें। जैसे अगर आप जींस या शर्ट खरीद रहे हैं तो उसमें लगे बटन, जिप आदि को ध्यान से देखें। ब्रांडेड कपड़ों में ये सामान बहुत ही अच्छी क्वालिटी के लगाए जाते हैं जिनकी पहचान आप देखकर ही कर सकते हैं, इसलिए आप कपड़ों की एसेसरीज को ध्यान से देखने के बाद ही कपड़े खरीदें। ब्रांडेड कपड़ों की पहचान करने का सबसे आसान तरीका है कि आप उस कपड़े की सिलाई देखें। ब्रांडेड कपड़ों की सिलाई सीधी और नीट होगी, साथ ही सिलाई हर स्थान से बराबर, मजबूत और एक जैसी होनी चाहिए। अगर कपड़ा थोड़ा मोटा होगा तो उसमें डबल सिलाई होगी। साथ ही धागे के कलर आदि पर भी ध्यान दिया जाता है।